to $ 100 million in India for any product in teiecom sector;

(b) whether it is also a fact that Motorola has withdrawn this offer as no decis.on was taken for a considerable period;

(c) if so, when the offer was made and when it was withdrawn;

(d) whether it is also a fact that the Chairman of Motorola wrote to the Govem-ment of India indicating the withdrawal of their offer and stating that they are investing this amoun, in China; and

(e) if so, what are the details in this regaid ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : The question has already been answered by Ministry of Industry on 26-11-92 vide Q. No. 638. Reply is reproduced below:

(a) Motorola Inc. USA had represented a perspective plan for an investment of over 100 million dollars in diverse sectors over a period of time. More specifically they have made 2 proposals with foreign equity amounting to US $ 4.8 million which has since been approved.

(b) to (d) There is no reference in the letter from Chairman, Motorola to Prime Minister regarding the withdrawal of this offer in favour of China.

(e) Does not arise.

संचार मंत्रालय के खर्च में कमी करने के लिए उपाय

1201. श्री ईश दत्त यादव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खर्च में कमी करने के लिए उनके मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है, और

(ख) इन उपायों के कार्यान्वयन से कितनी धनराशि की बचत हुई है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) खर्च में कमी करने के लिए किए गए उपाय निम्नलिखित हैं :

(i) पद्धतियों का सरलीकरण करके प्रचालन लागतों में कटौती करना,

(ii) नई प्रौद्योगिकी लागू करना,

(iii) समयोपरि भत्ते, यात्रा व्यय और पैट्रोल के उपभोग जैसे मामलों में सरकार द्वारा जारी किए गए वित्तीय अनुदेशों को सख्ती से लागू करना ।

दूरसंचार विभाग में, जहां सेवाओं में तेजी के साथ वृद्धि हो रही है, बढ़े हुए कार्य-भार का संचालन, कर्मचारियों की संख्या में न्यूनतम वृद्धि करके किया जाता है ।

(ख) बचत की सही राशि बता पाना कठिन है । लेकिन डाक विभाग में 1991-92 के दौरान 1525.10 करोड़ रु० के बजट अनुमान की तुलना में 1506.75 करोड़ रु० का राजस्व व्यय हुआ । इसी प्रकार, दूरसंचार विभाग में 2490.00 करोड़ रु० के बजट अनुमान की तुलना में 2424.38 करोड़ रु० का राजस्व व्यय हुआ ।

महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड में अधिकारियों की संख्या में वृद्धि

1202. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेली-फोन निगम लिमिटेड में प्रथम श्रेणी के अधि-कारियों की संख्या में गत छः वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल, 1986 की स्थिति के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के कर्म-चारियों की कुल संख्या कितनी थी;

(ग) सितम्बर, 1992 में श्रेणीवार कर्मचारियों की संख्या कितनी थी और इन छः वर्षों के दौरान कितने पदों का सृजन किया गया है; और